**THE BIRLA COTTON SPINNING & WEAVING MILLS LTD.**

CIN: L65100DL1920PLC099621
Registered Office: Hindustan Times House, 9th Floor,18-20, K.G. Marg, New Delhi 110 001, Tel.: 011-66561206
Email: secretarial.ht@rediffmail.com
Website: www.birlacotton.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulations 29(2) and 47(1) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, the 14th September, 2020 at 9th Floor, Hindustan Times House, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110001 to inter-alia approve the un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended on 30th June, 2020.

Sd/-
(V. K. Charoria)
Director
Dated: 07.09.2020 DIN-00046895

---

**BSES** — **BSES Rajdhani Power Limited, New Delhi**

**TENDER NOTICE** Date: 08.09.2020

Sealed tenders under two parts (Un priced & priced) are invited for the supply of following materials from all bidders:-

| NIT No. | Brief Tender Description | Estimated Cost (₹) | Cost of EMD (₹) | Due Date & Time of Submission | Date & Time of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| CMC/BR/20-21/SV/RS/KG/870 | SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISSIONING OF 33 kV EHV Lines & 11 KV/LT DISTRIBUTION NETWORK INCLUDING DISMANTLING ON SINGLE POINT RESPONSIBILITY BASIS IN CONNECTION WITH & SHIFTING/RELOCATION OF 11 KV & 33 KV FEEDERS AT SARAI KALE KHAN (NCRTC) | 6.33 Crores | 6,33,000/- | 29.09.2020 1530 HRS | 29.09.2020 1600 HRS |

Cost of each Tender Document : ₹ 1180/-

For details in respect of Equipment/BOM/Services, Qualifying requirements, Terms & conditions, purchase/submission of tender documents etc. please visit our website **www.bsesdelhi.com**

Head (Contracts & Materials)

Regd. Off. : BSES Rajdhani Power Limited, BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi-110019 | Corporate Identification No.: U40109DL2001PLC111527
Telephone No. : +91 11 3999 7235 | E-mail : brpl.eauction@relianceada.com | Website : www.bsesdelhi.com

---

**DOON UNIVERSITY**
Mothrowala Road Kedarpur,
PO Defence Colony, Dehradun-248012
Phone No : 0135-2533105

**E-Tender Notice**
**(E-30/DU/2020-21)**

Doon University invites e-tender for procurement of Apple Imac machines. Interested firms may apply through Uttarakhand Govt. e-portal for submission of tender in **www.uktenders.gov.in**

**Stores & Purchase Officer**

---

**DREDGING CORPORATION OF INDIA LIMITED**
Corporate Office : **Main Road, HB Colony, Seethammadhara, Visakhapatnam-530022.**



Is looking for a suitable candidate for the position of

**MANAGING DIRECTOR & CEO**

For detailed advertisement & submission of online application please visit Careers section of our website : **www.dredge-india.com**
Online application can be submitted from **9th September 2020, 9.00 hrs.**
Last date for submission of application is **30th September 2020, 23.59 hrs.**
Addendum(s)/Corrigendum(s), if any, shall be notified in the above website only.

***DCIL FOR BUILDING SEAWAYS***

---

**COLORCHIPS NEW MEDIA LIMITED**
CIN: L52110TG1985PLC051404
Regd.Office: 8-3-833/85&85A, Plot No. 85, Phase 1, Kamalapuri Colony, Hyderabad-500073. Telangana, India.
E-mail: info@colorchipsindia.com www.colorchipsindia.com

**Notice of the 35th Annual General Meeting of the Company to be convened through Video conference (VC) or other Audio Visual Means (OAVM)**

PUBLIC NOTICE is hereby given that in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 and the requirements of the General Circular No.20/2020 dated May 5, 2020 issued by the Ministry of corporate Affairs here in after referred to as ('MCA Circular'), the 35th Annual General meeting (AGM) of the members of Colorchips New Media Limited ("Company") will be held on Wednesday, September 30, 2020 at 11.30 A.M through Video conference (VC) or other Audio Visual Means (OAVM) to transact the business mentioned in the notice convening AGM. On account Of COVID-19 Pandemic and consequent lockdown in several parts of the Nation, the said MCA Circular has allowed the Companies to conduct their AGM, through VC or OAVM in the manner provided in General Circular No.14/2020 dated April 8, 2020 and General Circular No.17/2020 dated April13, 2020 issued by MCA. Accordingly, incompliance with the requirements of the aforesaid MCA General Circulars', the Company is convening its 35th AGM through VC or OAVM, without the physical presence of the Members at a common Venue.

The said MCA Circular dated May 5, 2020 and SEBI Circular No. SEBI/HO/SFD/CMD1/CIR/P/2020"9 dated May 12, 2020 has granted relaxations to the Companies, with respect to printing and dispatching physical copies of Annual Report to shareholders. Accordingly, the Company will only be sending soft copy of the Notice convening the 35th AGM and Annual Report 2019-20 to the shareholders whose email ids are registered with the Company/Registrar and Share Transfer Agent Depository Participant.

Members holding shares in physical or dematerialised form, as on the cut-off date i. e 23rd September, 2020 may cast their vote through e-voting platform of Kfin through http://evoting.karvy.com. Those shareholders of the Company who are holding shares in physical form and whose email ids are not updated with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent /Depository Participant can cast their vote through remove e-voting or through the e-voting during the meeting by following the detailed procedure/ instruction for e-voting is contained in the notice of 35th AGM.

These shareholders can register their email id with the Company by raising a request to the Company at cs@colorchipsindia.com. These shareholders can avail softcopy of the 35th AGM and Annual Report 2019-20 Company by raising a request to the Company at cs@colorchipsindia.com. Alternatively, the Notice of 35th AGM and Annual Report 2019-20 will also be made available on the company's website i. e www.colorchipsindia.com on the websites of Karvy and BSE Limited.

Pursuant to the circular no.14/2020 dated 8th April, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs, the facility to appoint proxy to attend and cast vote for the members is not available for this AGM. However, the Body corporates are entitled to appoint authorised representatives to attend the AGM through VC/OAVM and participate thereat and cast their votes through e- voting.

**for COLORCHIPS NEW MEDIA LIMITED**

September 07, 2020 **Sd/- Swathi Mandava**
Hyderabad **Company Secretary**

---

**NEW OKHLA INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY**
Administrative Building, Sector-6, Noida G.B. Nagar, (UP)
Website : www.noidaauthorityonline.com

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender are invited from firms/contractors registered with UPLC Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened / downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on NOIDA Authority's official website: **www.noidaauthorityonline.com** & **http://etender.up.nic.in** Please ensure to see these websites for any changes/ amendments & corrigendum etc.

| S. No. | Job No./ Work Name | Amount |
|---|---|---|
| 1 | 114/D(H)/DD(H)-II/2020-21, M/o Green Belt with two year maintenance in A & B block Sector-46. | Cost Rs. 89.23 Lacs |
| 2 | 151/D(H)/DD(H)-II/2020-21, D/o Green Belt with two year maintenance Sector-115. | Cost Rs. 184.62 Lacs |
| 3 | 149/D(H)/DD(H)-II/2020-21, D/o Green Belt Sector-116 with two year maintenance. | Cost Rs. 254.64 Lacs |

Which can be uploaded by date **15.09.2020 upto 5.00 PM.** Pre-qualification shall be opened/downloaded on date **16.09.2020 at 11.00 AM.**

**Office** **Director (Hort.)**
**Sector-39** **Noida**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

---

**Dakshin Gujarat Vij Company Ltd.**
CIN U40102GJ2003SGC042909
Regd. & Corp. Office: 'Urja Sadan', Nana Varachha Road, Kapodara Char Rasta, Surat - 395 006 GUJARAT

**DGVCL Toll Free No. 19123 (Or 1800 233 3003)**

**Install MCB/ELCB/RCCB & Prevent Electric Shocks/Electrical Accidents**

**Tender Notice**

Details of the tenders mentioned here under are available on www.dgvcl.com (for view and download tender documents) and www.dgvcl.nprocure.com (for view, download and online tender submission).

| Sr. No. | Tender No. |
|---|---|
| 1 | DGVCL/SP/20044 /S.I.T.C. of 11KV RMU Work |
| 2 | DGVCL/SP/20045 /SMC Fuse Box |

**Note:** Bidders may visit the Company website for regular updates till opening of the tenders. **ACE (P), DGVCL, Surat.**

---

**PC Jeweller Limited**
**Regd. Off.:** C-54, Preet Vihar, Vikas Marg, Delhi-110092
**Phone:** 011-49714971, **Website:** www.pcjeweller.com
**Fax:** 011-49714972, **E-Mail:** investors@pcjeweller.com
**Corporate Identity Number:** L36911DL2005PLC134929

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, September 14, 2020, inter-alia, to consider and approve the un-audited standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter ended June 30, 2020.

In view of the same in terms of the Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Insiders", Trading Window for trading in the shares of the Company has already been closed w.e.f. July 1, 2020 and shall remain closed till September 16, 2020.

This Notice is available on BSE Limited website (www.bseindia.com), National Stock Exchange of India Limited website (www.nseindia.com) and also on the Company's website (www.pcjeweller.com) under the Investors section.

For **PC Jeweller Limited**
Sd/-
(Vijay Panwar)
**Company Secretary**

**Place:** Delhi
**Date:** 07/09/2020

---

**Union Territory Of Jammu & Kashmir**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD (R&B) DIVISION KATRA**
*(Tele-Fax No. 01991-232043, E-mail address: eepwdkatra@gmail.com)*

**CORRIGENDUM-I**
**[Extension of dates]**

**Name of the work:-** **Improvement/Upgradation of Kalika Temple road by way of construction of Pucca Drain, laying of 25mm thick OGPC in Km 1st RD (0-375) in stretches. (Under City/Town Plan 2020-21).**

Reference:- This office e-NIT No.:- 07 of 2020-21 Dated:- 26.08.2020.

Due to poor response, the above noted work has been extended as under:-

| S. No. | Particulars | Please read | Instead of |
|---|---|---|---|
| 1. | Last date of download of bid documents | 10.09.2020 Upto 1700 Hrs | 03.09.2020 Upto 1700 Hrs |
| 2. | Last date of submission of online | 10.09.2020 Upto 1700 Hrs | 03.09.2020 Upto 1700 Hrs |
| 3. | Opening of Technical BIDs | 11.09.2020 After 1200 Hrs | 04.09.2020 After 1200 Hrs |

**Note:-** All other terms and conditions shall remain unchanged.

**No.:-** 1751-71 **[Er. Rajesh Kumar Gupta]**
**Dated:-** 04.09.2020 **Executive Engineer**
DIP-J-4162-20 **PWD (R&B) Division, Katra**

---

**IFFCO**
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives

**INDIAN FARMERS FERTILISER COOPERATIVE LIMITED**
**IFFCO SADAN, C-1, DISTRICT CENTRE, SAKET PLACE, NEW DELHI-110017**

**REQUIRES**

1) AGRICULTURE GRADUATE TRAINEE (AGT) - B.Sc (Agriculture)/ M.Sc (Agriculture)
2) GRADUATE ENGINEER APPRENTICE (GEA) - One year training under The Apprentices Act, 1961.

Eligibility criteria and on-line application link is available on our websites www.iffco.in & www.iffcoyuva.in. Interested candidates may apply on-line by 23rd September 2020.

---

**LORDS CHLORO ALKALI LIMITED**
(**CIN** : L24117RJ1979PLC002099)
**RegdOffice** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web:** www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, 15th September, 2020 at 5:30 P.M. at its Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024,inter-alia, for consideration, approval and publication of Un-audited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2020.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
**Sd/-**
**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Place: New Delhi**
**Date : 07.09.2020**

---

**UMESH MODI**
GROUP
MODINAGAR

- Over 15 international collaborations.
- 32 branch offices across India.
- Over 10,500 committed employees.
- Supported by 16 production units, including one in Sri Lanka and one in Bangladesh.
- 2 R&D centers.
- International offices in Bangladesh, Sri Lanka, Nepal, Kenya, Myanmar, Uganda, Tanzania, Nigeria, Tajikistan & Singapore.
- **The Group owns Brands / Licenses of more than 100 world famous International brands like Revlon® (USA), Mederma® (France), Signutra® (USA) and Betadine®.**

www.umeshmodigroup.com



**Corporate Office**
**Modi Tower,**
**Nehru Place, New Delhi**



नया इंडिया

जयपुर । मंगलवार । 8 सितंबर 2020 । पेज-3

# जयपुर

मौसम
रपट/पुर्वानुमान

| | न्यूनतम | अधिकतम | सार संक्षेप |
|---|---|---|---|
| 08-सितंबर | 25.0 | 32.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, बारिश हो सकती है। |
| 09-सितंबर | 24.0 | 32.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, बारिश हो सकती है। |

## समाचार सार

### कोरोना को रोकने में किसी प्रकार की कोताही व लापरवाही नहीं बरतें : बामनिया

**जयपुर ।** जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री श्री अर्जुनसिंह बामनिया ने बांसवाडा जिले में कोरोना वायरस कोविड़-19 संक्रमण के बढ़ते प्रसार पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी सम्बद्ध अधिकारियों को सभी एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिये हैं। श्री बामनिया सोमवार को बांसवाडा के जिला कलेक्ट्रेट में कोरोना वायरस संक्रमण से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे है । इस मौके पर उन्होंने सभी सम्बद्ध अधिकारियों से अब तक किये गये उपायों का फीडबेक लिया और जानकारी ली। उन्होंने पीएमओ और सीएमएचओ को शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में क्वारंटाईन एवं आईशोलेशन वार्ड सहित सम्पूर्ण चिकित्सालय में बाथरूमों को ठीक करवाने सहित साफ-सफाई के साथ अस्पताल में शुद्ध पेयजल व्यवस्था एवं बिजली के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने आने वाले मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़े इसके लिए अस्पताल में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष पर स्टाफ की तैनातगी सुनिश्चित करने, पीएससी सीएस सी पर जांच के दौरान चिकित्सा टीम के साथ अन्य विभाग के कर्मचारियों को भी लगाने, उन्होंने जिलेभर में एम्बुलेन्सों की व्यवस्था की जानकारी ली और कुशलगढ़ सहित अन्य चिकित्सालयों में एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्थाएं रखने तथा जिला चिकित्सालय सहित पीएचसी, सीएचसी अस्पतालों में स्टाफ की 24 घंटे तैनातगी सुनिश्चित करने और अपने-अपने क्षेत्र में आमजन को घर-घर जाकर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के प्रति जागरूक करने और सम्बद्ध चिकित्साधिकारियों को इसकी पुख्ता मॉनिटरिंग करते रहने के निर्देश दिये।

### जयपुर में युवक की हत्या

**जयपुर, भाषा।** जयपुर आयुक्तालय के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में सोमवार को बदमाश दिन दहाडे एक पेट्रोल पंप मालिक की गोली मारकर हत्या करके नगदी से भरा बैग लूट कर फरार हो गये। यह जानकारी पुलिस ने दी। घटना एक व्यवसायिक भवन की पार्किंग में हुई जहां मृतक निखिल गुप्ता सीकर रोड स्थित बैंक में नगदी जमा कराने गए थे।

# चार चरणों में होंगे राज्य भर की पंचायतों में चुनाव

**जयपुर** ■ संवाद सूत्र

कोविड-19 महामारी के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी सभी गाइडलाइंस की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रदेश की 3 हजार 848 ग्राम पंचायतों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इन सभी ग्राम पंचायतों में 4 चरणों में चुनाव करवाए जाएंगे। पहले चरण में 28 सितंबर, दूसरे चरण में 3 अक्टूबर, तीसरे चरण में 6 अक्टूबर और चौथे चरण में 10 अक्टूबर को मतदान होगा। सभी पंचायतों में सरपंच पदों के लिए ईवीएम मशीनों द्वारा और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान मतपेटी द्वारा करवाए जाएंगे।

चुनाव आयुक्त पीएस मेहरा ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान आयोग पर राज्य के नागरिको को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखते हुए अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन की बड़ी चुनौती है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि कोरोना के लक्षण एवं बचाव के संबंध में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा गत कई महीनों से विभिन्न माध्यमों से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जो अभी भी जारी है। केन्द्र और राज्य सरकार के इन प्रयासों से आम जनता कोरोना महामारी के लक्षण एवं बचाव के तरीकों से भलीभांति परिचित हो गई है। इसके साथ-साथ आयोग द्वारा निर्वाचन के विभिन्न स्तर पर कोरोनो से बचाव के लिए विस्तृत दिशानिर्देश भी जारी किए हैं ताकि सभी मतदाता अपने को एवं अन्य को सुरक्षित रखते हुये भयमुक्त होकर मतदान में भाग ले सकें।

चुनाव आयुक्त ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए निर्वाचन की प्रत्येक गतिविधि में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों (निर्वाचनकर्मी, मतदाता, चुनाव लडने वाले अभ्यर्थी, पोलिंग एजेंट आदि) के लिए मास्क का प्रयोग अनिवार्य होगा एवं समय-समय पर हाथों को सैनेटाइज करना होगा। इसके अलावा प्रशिक्षण स्थल, मतदान केन्द्र एवं मतदान सामग्री संग्रहण स्थल को उपयोग से पूर्व सैनेटाइज करना होगा। नामनिर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ एक ही व्यक्ति को रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। मतदाताओं को मतदान के समय मास्क लगाना अनिवार्य होगा। निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए जुलूस, रैली आदि में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 की गाइडलाइनों का उल्लघंन तत्समय प्रवृत विधि के अनुसार दण्डनीय होगा। कोरोना के चलते चुनाव का समय एक घंटे बढ़ाया

### 55 वर्ष से अधिक के कार्मिकों का चुनाव में नियोजन नहीं

मेहरा ने बताया कि सभी ईवीएम को निर्वाचन के लिए तैयार करते समय सैनेटाइजेशन किया जाएगा। कोविड-19 मैनेजमेंट के लिए पंचायत समिति स्तर पर ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। प्रत्येक निर्वाचनकर्मी को आयोग्य सेतु एप उपयोग करना होगा। मतदान दल के सभी सदस्यों को पर्याप्त मात्रा में मास्क, ग्लव्स एवं सैनेटाइजर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 55 वर्ष से अधिक के कार्मिकों को यथा संभव मतदान दल में नियोजित नहीं किया जाएगा।

## राजस्थान में कोरोना के आंकड़े

| जिला | कुल | सक्रिय | जो स्वस्थ हुए | मौतें |
|---|---|---|---|---|
| जोधपुर | 13,360 | 2,232 | 11,018 | 110 |
| जयपुर | 12,716 | 4,520 | 7,910 | 286 |
| अलवर | 8,303 | 674 | 7,600 | 29 |
| कोटा | 6,346 | 2,264 | 4,002 | 80 |
| बीकानेर | 4,847 | 299 | 4,467 | 81 |
| अजमेर | 4,667 | 280 | 4,310 | 77 |
| पाली | 4,270 | 223 | 4,000 | 47 |
| भरतपुर | 3,784 | 103 | 3,610 | 71 |
| सीकर | 2,785 | 165 | 2,600 | 20 |
| उदयपुर | 2,560 | 121 | 2,410 | 29 |
| नागौर | 2,549 | 175 | 2,330 | 44 |
| धौलपुर | 2,363 | 231 | 2,110 | 22 |
| बाड़मेर | 2,348 | 100 | 2,225 | 23 |
| भीलवाड़ा | 2,297 | 392 | 1,890 | 15 |
| झालावाड़ | 1,874 | 367 | 1,503 | 4 |
| सिरोही | 1,390 | 93 | 1,281 | 16 |
| जालौर | 1,375 | 39 | 1,324 | 12 |
| राजसमन्द | 1,286 | 126 | 1,145 | 15 |
| डूंगरपुर | 1,151 | 170 | 970 | 11 |
| झुंझुनू | 1,146 | 85 | 1,055 | 6 |
| चुरू | 1,105 | 200 | 900 | 5 |
| चित्तौड़गढ़ | 1,035 | 192 | 835 | 8 |
| बारन | 803 | 261 | 530 | 12 |
| टोंक | 770 | 157 | 600 | 13 |
| बुंदी | 734 | 375 | 355 | 4 |
| गंगानगर | 727 | 158 | 560 | 9 |
| बांसवाड़ा | 710 | 235 | 470 | 5 |
| दौसा | 655 | 85 | 561 | 9 |
| करौली | 635 | 97 | 531 | 7 |
| सवाई माधोपुर | 591 | 126 | 450 | 15 |
| प्रतापगढ़ | 515 | 199 | 310 | 6 |
| जैसलमेर | 477 | 127 | 345 | 5 |
| हनुमानगढ | 445 | 57 | 386 | 2 |
| कुल | 90,956 | 14,958 | 74,861 | 1,137 |

यह जानकारी www.covid19india.org के डाटा से अपडेट है। यह एक गैर-सरकारी डाटा वेबसाइट है जो राज्य सरकारों की प्रेस रीलिज, अधिकारिक बयान, पीआईबी, पीटीआई, एएनआई रिपोर्ट अनुसार डाटा अपेक्षाकृत कम-कम समय में अपडेट करती है।

स्रोतः www.covid19india.org
रात 10:00 बजे अपडेट किया गया।

## अजमेर

न्यूनतम : 24.0
अधिकतम : 31.0
सार संक्षेप : बारिश हो सकती है।

# अजमेर ग्रामीण, केकड़ी, सरवाड़ एवं सावर की 71 ग्राम पंचायतों में चुनाव

**अजमेर** ■ संवाद सूत्र

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव की घोषणा के अनुसार जिले में अजमेर ग्रामीण की 2, केकड़ी की 22, सरवाड़ की 26 एवं सावर की 21 ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पद के लिए चुनाव होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि ग्राम पंचायतों के सरपंच पद का निर्वाचन ईवीएम एवं पंच पद का निर्वाचन परम्परागत तरीके मत पेटी एवं मत पत्र के माध्यम से करवाया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता भी तुरन्त प्रभाव से लागू हो गई है। संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाईन की अक्षरशः पालना की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पादित होंगे। प्रथम चरण में अजमेर ग्रामीण की 2 ग्राम पंचायतों के 20 वार्डों, केकड़ी की 22 ग्राम पंचायतों के 182 वार्डों, द्वितीय चरण में सरवाड़ की 26 ग्राम पंचायतों के 222 वार्डों एवं तृतीय चरण में सावर की 21 ग्राम पंचायतों के 165 वार्डों में चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि तीनों चरणों के लिए लोक सूचना बुधवार 16 सितम्बर को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि प्रथम चरण के लिए शनिवार 19 सितम्बर, द्वितीय चरण के लिए बुधवार 23 सितम्बर एवं तृतीय चरण के लिए शनिवार 26 सितम्बर निर्धारित की गई है। इसके लिए प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक का समय निश्चित किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रथम चरण के लिए रविवार 20 सितम्बर, द्वितीय चरण के लिए गुरूवार 24 सितम्बर एवं तृतीय चरण के लिए रविवार 27 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। उसी दिन अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान दल संबंधित मतदान बूथों पर मतदान दिवस से एक दिन पूर्व पहुचेंगे। मतदान प्रथम चरण में सोमवार 28 सितम्बर, द्वितीय चरण में शनिवार 3 अक्टूबर एवं तृतीय चरण में मंगलवार 6 अक्टूबर को प्रातः 7.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होंगे। मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। उप सरपंच का चुनाव प्रथम चरण के क्षेत्रों में मंगलवार 29 सितम्बर, द्वितीय चरण के क्षेत्रों में रविवार 4 अक्टूबर एवं तृतीय चरण के क्षेत्रों में बुधवार 7 अक्टूबर को होगा।

### अजमेर में गंदगी फैलाने पर होगी कार्यवाही

**अजमेर ।** अजमेर नगर निगम स्वच्छता के प्रति सजग है एवं नागरिकों से भी स्वच्छकर आदतें अपनाने की अपेक्षा है। नगर निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अजमेर नगर निगम के उपायुक्त गजेन्द्र सिंह रलावता ने बताया कि अजमेर नगर निगम ने अजमेर शहर को ओडीएफ डबल प्लस स्वघोषित किया है। गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों पर कडी कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में खुले में शौच एवं पेशाब करता हुआ पाए जाने पर 200 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अजमेर शहर की नगरीय सीमा में स्थित सीवरेज लाईन नेटवर्क रहित क्षेत्रों के घरों में सैप्टिक टैंक बने हुए है।

# केंद्र जीएसटी लागू करते समय राज्यों से किए गए वायदे पूरे करे

### भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है : गहलोत



**जयपुर** ■ संवाद सूत्र

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार से जीएसटी को लागू करते समय राज्य सरकारों से किए गए वायदों को पूरा करने एवं केंद्र द्वारा लागू किए जा रहे कुछ करों का अधिकार राज्य सरकारों के लिए छोड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों में विश्वास कायम रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को लिखे गए पत्र में गहलोत ने राज्यों को जीएसटी कम्पनसेशन के भुगतान में आ रही कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा है कि जीएसटी परिषद की 41वीं बैठक दिनांक 27 अगस्त 2020 में केंद्र सरकार द्वारा यह सुझाव दिया गया था कि राज्य द्वारा जीएसटी कम्पनसेशन में कमी की पूर्ति ऋण के माध्यम से की जाए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि इसकी पूर्ति कम्पनसेशन फंड से की जाए और इस कमी को वित्त पोषित करने की केंद्र सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। यह उस संविधान संशोधन की मूल भावना के विपरीत है, जिसके तहत राज्यों द्वारा कुछ करों को लागू करने के अपने संवैधानिक अधिकारों को केंद्र सरकार के पक्ष में दे दिया गया था। गहलोत ने पत्र में लिखा है कि संविधान संशोधन के तहत अनेक राज्य करों को जीएसटी में सम्मिलित कर दिया गया था और कहा गया था कि राज्यों को इससे होने वाले राजस्व हानि को देखते हुए कम्पनसेशन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी (कम्पनसेशन टू स्टेट) एक्ट 2017 में राज्यों को जीएसटी को लागू करने के फलस्वरूप होने वाली राजस्व हानि की पूर्ति करने के लिए पांच वर्ष तक कम्पनसेशन देने की गारंटी दी गई है। इसलिए अब यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि राज्यों को कम्पनसेशन की पूरी राशि बिना किसी देनदारी के मिले। उन्होंने कहा कि अपरिहार्य स्थितियों के कारण कर संग्रहण में कमी होने के बावजूद जीएसटी (कम्पनसेशन टू स्टेट) एक्ट 2017 के तहत कम्पनसेशन को ना ही कमी किया जा सकता है और ना ही बढ़ाया जा सकता है।

# कोविड-19 के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार रथ रवाना

**जयपुर** ■ **भाषा**

राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने तीन जिलों में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'मोबाइल प्रचार-प्रसार रथों' को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि आमजन में कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश भर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से अलवर, जोधपुर और अजमेर जिलों में विशेष जागरूकता रथ भेजे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये रथ छह अक्टूबर तक तीनों जिलों के कोरोना वायरस संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों, तहसील मुख्यालयों और 100-100 राजस्व गांवों में जाकर आमजन को इस घातक संक्रमण के प्रति जागरूक करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि इन रथों के जरिए संक्रमण प्रभावित जिलों में विभाग द्वारा तैयार आईईसी सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही नुक्कड नाटकों और गीतों के जरिए कोरोना वायरस से बचने के उपाय बताए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रथ में मिस कॉल रेडियो 'नौबत बाजा' के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी।

## सार समाचार

### 'बिग बटरफ्लाई मंथ' में राजस्थान को मिला गौरव, दो नई प्रजातियां मिली

**उदयपुर।** इन दिनों जबकि देशभर में तितलियों को गिनने, समझने व संरक्षण की मुहिम को आमजन तक ले जाने के लिए तितली माह यानी "बिग बटरफ्लाई मंथ" चल रहा है, ऐसे में पर्यावरण व जैव विविधता संरक्षण के लिए कार्य कर रहे दो पर्यावरण वैज्ञानिकों ने राजस्थान में तितलियों की दो नई प्रजातियों को ढूंढने में सफलता प्राप्त की है। राजस्थान के ख्यातनाम पर्यावरण वैज्ञानिक और टाइगर वॉच के फील्ड बॉयोलोजिस्ट डॉ. धर्मेन्द्र खण्डाल एवं दक्षिण राजस्थान में जैवविविधता संरक्षण के लिए कार्य कर रहे पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा ने राज्य के सवाई माधोपुर के रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र के बाहरी भाग में इन दो तितलियों की प्रजातियों को खोजा है। डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि परियोजना क्षेत्र के बाहरी भाग में उनके द्वारा राजस्थान की सुंदर तितलियों में शुमार दक्खन ट्राई कलर पाइड फ्लेट (कोलाडेलिया इन्द्राणी इन्द्रा) तथा स्पॉटेड स्माल फ्लेट (सारंगेसा पुरेन्द्र सती) नामक दो नई तितलियों को खोजा गया है।



यह दोनों ही तितलियां हेसपेरीडी कुल की सदस्य है। डॉ. शर्मा ने बताया कि कोलाडेनिया इन्द्राणी इन्द्रा तितली के पंखों की उपरी सतह सुनहरी पीले रंग की होती है जिस पर पहली जोड़ी पंखों के बाहरी कोर पर काले बॉर्डर वाले चार-चार अर्द्ध पारदर्शक सफेद धब्बे होते हैं। अन्य दो-दो छोटे-छोटे धब्बे विद्यमान रहते है। पिछली जोड़ी पंखों पर काले धब्बे होते हैं। इस तितली का धड़, पेट व टांगे पीली तथा आंखें काली होती हैं। पंखों के कोर काले होते हैं जिनमें थोडे-थोडे अंतरालों पर सफेद धब्बे होते हैं। पिछले पंखों पर सफेद धब्बे ज्यादा होते है। यह तितली बंगाल, केरल, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी-पूर्वी भारत, छतीसगढ़, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु एवं उत्तराखण्ड में ज्ञात है। इस खोज के बाद राजस्थान भी अब इसके वितरण क्षेत्र में जुड़ गया है। डॉ. शर्मा सारंगेसा पुरेन्द्र सती नामक तितली भूरे-काले रंग पर सफेद धब्बों के बिखरे पैटर्न से बहुत आकर्षक लगती हैं। इसकी श्रृगिकाएं सफेद रंग की लेकिन शीर्ष कालापन लिए होता है। यह तितली गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु एवं उत्तराखण्ड में मिलती है।

### उदयपुर आईजी का 'मिशन लेंटाना' जारी

**उदयपुर।** लेकसिटी के प्रसिद्ध सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की जैव विविधता को बचाने के लिए उदयपुर पुलिस महानिरीक्षक बिनीता ठाकुर द्वारा पिछले डेढ़ माह से चलाए जा रहे 'मिशन लेंटाना' में गत दिनों साथ आए एसबीआई के बाद अब मरूधरा ग्रामीण बैंक द्वारा भी साथ दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की यह मुहिम लगातार जारी है और इसमें मरूधरा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों व कार्मिकों के साथ ही अभय कमांड सेंटर के जवान भी सज्जनगढ़ अभयारण्य पहुंचे और डेढ़ घंटे तक श्रमदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों ने यहां पर श्रमदान में विशेष उत्साह दिखाया है। अब धीरे-धीरे शहरवासी भी यहां पहुंच कर श्रमदान कर रहे हैं। मरूधरा ग्रामीण बैंक मरूधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कमल सक्सेना, महेन्द्रसिंह राणावत, रमेश पूर्बिया, विद्याधर गंगावट, सुरेन्द्रसिंह बालोत, इंद्रशेखर व्यास के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सांदू व स्वाति शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक चेतना भाटी व हनुमंतसिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी गणेशीलाल गोठवाल, यूनिसेफ से सिंधु बिनुजीत, पक्षी विशेषज्ञ विनय दवे, उज्जवल दाधिच, वागड़ नेचर क्लब से पुष्पा खमेसरा व आकाश उपाध्याय और 40 से अधिक महिला व पुरूष पुलिसकर्मियों ने श्रमदान किया।



### पायलट को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर, भाषा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और अन्य नेताओं ने सोमवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दीं। टोंक से विधायक पायलट ने सोमवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। उनके समर्थकों ने इस उपलक्ष में अनेक जगह पर रक्तदान शिविर लगाए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट के जरिये पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ''आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं सचिन पायलट जी। आपको खुशी, अच्छी सेहत और लंबी उम्र का आशीर्वाद मिले।''

पायलट ने गत जुलाई महीने में गहलोत के नेतृत्व का विरोध किया था जिससे राज्य की कांग्रेस सरकार की स्थिरता को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि पार्टी आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट व उनके साथ गए 18 विधायक वापस लौट आए और महीने भर चला राजनीतिक सकंट समाप्त हो गया। इस बीच पायलट को उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पद से हटा दिया गया। कांग्रेस के नये प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और अन्य नेताओं ने कांग्रेस नेता को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## उदयपुर

न्यूनतम : 24.0
अधिकतम : 31.0
सार संक्षेप : बारिश हो सकती है।

# जिले की 9 पंचायत समितियों में चार चरणों में होंगे पंच-सरपंच के चुनाव

**उदयपुर** ■ संवाद सूत्र

पंचायत आमचुनाव के तहत जिले की 9 पंचायत समितियों में पंच-सरपंच के चुनाव चार चरणों में होंगे। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार चरणवाइज मतदान दलों की रवानगी व आगमन की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) चेतन देवड़ा ने बताया कि प्रथम चरण में दो पंचायत समितियों की 55 पंचायतों में सरपंच व 433 वार्ड पंच के चुनाव होंगे जिसमें गोगुन्दा की 32 पंचायतों में सरपंच व 242 वार्डपंच तथा सराड़ा की 23 पंचायतों में सरपंच व 191 वार्ड पंच के लिए चुनाव होंगे। इन दोनों पंचायत समितियों के संबंध में लोकसूचना 16 सितंबर को जारी कर दी जाएगी। आरओ व पीओ का नाम निर्देशन लेने हेतु प्रशिक्षण व रवानगी 18 सितंबर, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 19 सितंबर को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 20 सितंबर को सुबह 10 बजे से, नाम वापसी का समय 20 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 20 सितंबर को नाम वापसी के बाद तथा नाम निर्देशन प्राप्त कर जिला मुख्यालय पर आगमन 20 सितंबर सायं तक होगा। इसके पश्चात मतदान दलों की रवानगी 27 सितंबर को होगी तथा मतदान 28 सितबर को सुबह 7.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होगा। मतगणना मतदान के तुरंत पश्चात संबंधित पंचायत मुख्यालय पर होगी। उपसरपंच का चुनाव 29 सितंबर को होगा और इसी दिन मतदान दलों की वापसी होगी। देवड़ा ने बताया कि द्वितीय चरण में दो पंचायत समितियों की 55 पंचायतों में सरपंच व 431 वार्ड पंच के चुनाव होंगे जिसमें झल्लारा की 29 पंचायतों में सरपंच व 197 वार्डपंच तथा कुराबड़ की 26 पंचायतों में सरपंच व 234 वार्ड पंच के लिए चुनाव होंगे। इन दोनो पंचायत समितियों के संबंध में लोकसूचना 16 सितंबर को जारी कर दी जाएगी। आरओ व पीओ का नाम निर्देशन लेने हेतु प्रशिक्षण व रवानगी 22 सितंबर, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 23 सितंबर को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 सितंबर को सुबह 10 बजे से, नाम वापसी का समय 24 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 24 सितंबर को नाम वापसी के बाद तथा नाम निर्देशन प्राप्त कर जिला मुख्यालय पर आगमन 24 सितंबर सायं तक होगा।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(सीआईएन : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर, (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय** : ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन** : 011-46865999, 41627937 **फैक्स** : 011-46865930
**वेबसाइट** : www.lordschloro.com; **ई-मेल** : contact@lordschloro.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक मंगलवार, 15 सितंबर, 2020 को अप. 5:30 बजे इसके कार्पोरेट कार्यालय ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।
उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
दीपेन्द्र चौधरी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 07.09.2020